UDYAM REGISTRATION NUMBER UDYAM-CG-11-0005844

KOYTUR TIMES www.koyturtimes.com

कोयतुर टाइम्स LIVE

एक कदम समाज की ओर

25 सितम्बर 2024

# महाराजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह जी के अधूरे सामाजिक कार्य करेंगे पूरे :कमरो



पोड़ी, बचरा/कोरिया बैकुंठपर/ कोरिया जिले के ग्राम पोंडी बचरा में महाराजा शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोया पुनेम गोंडवाना महासभा की संयुक्त जिला इकाई कोरिया और एमसीबी के तत्वाधान में पोंडी-बचरा के सर्व आदिवासी समाज भवन में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा कोरिया के जिला अध्यक्ष तिरु. रमेश सिंह टेकाम ने की, और मुख्य अतिथि के रूप में कोयतुर मनोज सिंह कमरो (राष्ट्रीय अध्यक्ष) उपस्थित थे। तिरु. विद्यासागर सिंह श्याम (राष्ट्रीय सचिव) और जिला पंचायत कोरिया की अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के दौरान तिरु. मनोज सिंह कमरो ने महाराजा शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह के अधूरे सामाजिक कार्यों को पूरा करने की बात कही। उन्होंने 1857 की क्राति में महाकौशल क्षेत्र में उनकी अग्रणी भूमिका पर जोर दिया और यह सुनिश्चित किया कि उनकी कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि 1857 की क्राति भारत की आजादी में महत्वपूर्ण थी, और शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह का बलिदान सर्वोच्च था, जब दोनों को अंग्रेजों द्वारा तोप के मुंह में बांधकर 18 सितंबर 1857 को उड़ा दिया गया था। आगे तिरु. कमरो ने कोया पुनेम पर भी बात की जिसे उन्होंने सत्य का मार्ग बताया, जो विज्ञान के सार्वभौमिक नियमों की तरह है। उन्होंने गोंडी भाषा को इतिहास में प्रकृति की भाषा कहा और गोंडवाना की संस्कृति, रीति-रिवाजों, और ग्रामीण व्यवस्था की समृद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि 'आदिवासी' शब्द की उत्पत्ति 113 साल पहले हुई थी और इसे पहली बार ठक्कर बप्पा और लॉर्ड मिंटो ने इस्तेमाल किया था। उन्होंने जोर दिया कि गोंडवाना के मूल निवासी कोयतुरियन, कोया पुनेमी, और गोंडियन के रूप में पहचाने जाने चाहिए, न कि 'आदिवासी' के रूप में। वही विशिष्ट अतिथि तिरु. विद्यासागर सिंह श्याम ने महाराजा शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह ने सामाजिक हित में एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में महासभा की बैकुंठपुर ब्लॉक इकाई का गठन किया गया, जिसमें रंजीत सिंह पोया को ब्लॉक अध्यक्ष और ललन सिंह परस्ते को ब्लॉक सचिव चुना गया। इसके साथ ही दो गावों की ग्राम कमेटी भी गठित की गई: भरदा ग्राम से महिपाल सिंह को अध्यक्ष और लालचंद्र सिंह को सचिव चुना गया, और बैमा ग्राम से अकबर सिंह मराबी को अध्यक्ष और महेंद्र सिंह श्याम को सचिव चुना गया। महासभा के पदाधिकारियों ने अपना आर्थिक अंशदान भी किया, जिसमें प्रत्येक ने 400 रुपये का योगदान दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजीनियर क्षितिज सिंह पोया ,प्रदेश कोषाध्यक्ष अजीत प्रताप श्याम ,एमसीबी जिला अध्यक्ष मोहन सिंह परस्ते, खड़गवां ब्लॉक अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह कोराम ,ब्लॉक सचिव बीरबल सिंह पोर्ते, भरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह नेटी। सेवा निवृत्त शिक्षक-सर्वजीत सिंह आयम, बलराम सिंह कमरो,अमीर सिंह पैकरा, एवं जयलाल सिंह (समाजसेवी )शिक्षक ,जिला सचिव रपिंद्र सिंह कमरो,, लाल बहादुर सरुता, विक्रम सिंह श्याम, शिवशंकर सिंह मरकाम जिला सचिव एमसीबी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# "महाराजा अग्रसेन सम्मान" 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित

एमसीबी छत्तीसगढ़ / राज्य शासन ने सामाजिक, समरसता यथा सभी वर्गों में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अखिल भारतीय "महाराजा अग्रसेन सम्मान" की स्थापना की गई है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए एक व्यक्ति के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से 03 अक्टूबर 2024 सायं 5:30 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई है । उक्त पुरस्कार की राशि 2 लाख (दो लाख रुपए) एवं चयनित व्यक्ति को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी । उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति कर प्रस्तुत की जाए, जिसका निम्न शर्ते है, जैसे - व्यक्ति का पूर्ण परिचय, सामाजिक, समरसता यथा सभी वर्गों में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी, यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण । सामाजिक, समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति, सामाजिक, समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य, चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति और यदि आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम / मंडल में सेवारत हो तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में किया जाए । आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। इस विभाग को प्राप्त सीधे प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

# लावारिस वाहनों की नीलामी 13 अक्टूबर को थाना मनेंद्रगढ़ में की जायेगी

एमसीबी छत्तीसगढ़ /जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कुल 82 जिसमें चार पहिया वाहन 4 नग तथा दो पहिया वाहन 78 नग शाामिल है। इन सभी लावारिस घोषित वाहनों की नीलामी 13 अक्टूबर 2024 को थाना परिसर मनेंद्रगढ़ में कराया जाना है। नीलामी हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी खड़गवां से 28 दो पहिया वाहन, भरतपुर से 19 दो पहिया वाहन जिसमें 4 नग चार पहिया वाहन है। चिरमिरी से 4 दो पहिया वाहन, मनेंद्रगढ़ से 10 दो पहिया वाहन, चिरमिरी से 13 दो पहिया वाहन तथा केल्हारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी से 8 दो पहिया वाहनों की नीलामी की जायेगी।

# एमसीबी पब्लिक सर्विस सोसायटी की साधारण सभा की बैठक 25 सितम्बर को

एमसीबी/ छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला की "शहरी पब्लिक सर्विस सोसायटी" की साधारण सभा की प्रथम बैठक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में 25 सितम्बर 2024 को दोपहर 2:00 बजे से आयोजित की जायेगी। जिसमें संबंधित सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि इस बैठक में अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, या वोटर आईडी के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इस बैठक का उद्देश्य सोसायटी का पंजीकरण शीघ्रता से कराना है। आयुक्त सह पदेन सचिव ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थिति होना सुनिश्चित करें। ताकि सोसाइटी का पंजीयन शीघ्र कराया जा सके।

# भरतपुर में 7 अक्टूबर से प्रारंभ होगा एडीएम का लिंक कोर्ट

एमसीबी/ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए भरतपुर अनुभाग क्षेत्र अन्तर्गत समस्त राजस्व, अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन के प्रकरणों की सुनवाई हेतु श्री अनिल कुमार सिदार अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरतपुर अनुभाग के समस्त प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक भरतपुर राजस्व अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम ऑफिस) में प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

कोया पुनेम् गोंडवाना महासभा भारत से जुड़ने के लिए संपर्क करें।।

मनोज कमरों राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. न. 9827990501 // राय सिंह श्याम प्रदेश अध्यक्ष मो. न. +76970 60919

# पात्र लोक सेवा ऑपरेटरों की काउंसिलिंग 27 सितंबर को

एमसीबी छत्तीसगढ़/ कार्यालय कलेक्टर जिला मनेंन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के माध्यम से लोक सेवा ऑपरेटर पद की भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों का कम्प्यूटर योग्यता परीक्षा, हेतु प्रकाशन किया गया था। उक्त सूचना पत्रानुसार 13 सितंबर 2024 को समय दोपहर 12:00 बजे परीक्षा स्थल शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला शिक्षा विभाग मनेन्द्रगढ़ में कम्प्यूटर गोग्यता परीक्षा का आयोजन किया गया था। उक्त परीक्षा में कुल 148 पात्र अभ्यर्थियो में से कुल 48 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को कंप्यूटर योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर को वरियतावार सूची जिले के वेबसाईट https://manendragarh-chirmiri-bharatpur.cg.gov.in एवं कार्यालय कलेक्ट्रेट के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अतएव अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लोक सेवा ऑपरेटर पदों की भर्ती विज्ञापन में दर्शित कुल 10 कार्यालयों में कुल 16 पदों हेतु अभ्यर्थियों द्वारा 01 से अधिक कार्यालयों के लिए आवेदन किये गए है। उक्त कारणों से रिक्त 16 पदों के विरुद्ध समस्त 48 अभ्यर्थियों को 27 सितंबर 2024 को समय प्रातः 11:00 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अभ्यर्थियों को Counselling के माध्यम से 01 से अधिक कार्यालय का चयन करने वाले अभ्यर्थी को कार्यालय चयन का अवसर दिया जाएगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गए समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। उपस्थित न होने की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगें। एवं सूची क्रम अनुसार आपके नीचे दर्शित अभ्यर्थी को अवसर प्रदान किया जावेगा।

# गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन की पदाधिकारियों ने बालोद डिप्टी कलेक्टर आशीष कुमार पेंद्रो से की मुलाकात

बालोद छत्तीसगढ़/गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन जिला बालोद के वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास (छात्र गृह आवास) की पदाधिकारियों ने डिप्टी कलेक्टर श्री आशिष कुमार पेंद्रो जी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान छात्रावास की छात्राओं ने हॉस्टल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।



इस मुलाकात में छात्रावास की अध्यक्ष कु. कामीन रावटे, सचिव कुमारी मोनिका गावड़े, सांस्कृतिक सचिव कुमारी विना कुमेटी, और अन्य छात्राएं जैसे कुमारी सुषमा दुग्गा, कुमारी यामिनी कौर, कुमारी भूमिका नुरूटी, खिलेश्वरी राणा, कुमारी टिकेश्वरी गौर, और कुमारी रिमा भुआर्य भी मौजूद थीं। छात्राओं ने हॉस्टल में सुविधाओं की कमी, रखरखाव और अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, जिस पर डिप्टी कलेक्टर श्री पेंद्रो ने सभी समस्याओं का ध्यानपूर्वक निरीक्षण करने और उचित समाधान का आश्वासन दिया।

# विधायक रेणुका की पहल पर भरतपुर ब्लाक में महीने में दो दिन बैठेंगें अपर कलेक्टर



एमसीबी छत्तीसगढ़ / भरतपुर सोनहत विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह की पहल से अब वनांचल क्षेत्र भरतपुर ब्लाक के लोगों को राजस्व प्रकरण के निपटारे के लिए जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। भरतपुर अनुभाग क्षेत्र अन्तर्गत समस्त राजस्व, अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन के प्रकरणों की सुनवाई हेतु अनिल कुमार सिदार अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरतपुर अनुभाग के समस्त प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक भरतपुर राजस्व अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम ऑफिस) में प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। भरतपुर ब्लाक में महीने में दो दिन अपर कलेक्टर के बैठने पर विधायक रेणुका सिंह क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, मैंने विधानसभा चुनाव के दौरान रेणुका सिंह ने यह वायदा किया था कि मैं चांगभखार को जिला बनाउंगी। उसी के तहत जिला बनने के प्रयास में मेरा यह पहला कदम है। और मैं अपने वायदे के मुताबिक जल्द ही चांगभखार नाम से जिला बनाउंगी। उन्होंने कहा कि, आजादी के बाद पहली बार ऐसा होगा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र भरतपुर ब्लाक में महीने में अपर कलेक्टर रैंक के अधिकारी बैठकर राजस्व समेत जनसमस्या का निराकरण करेंगे। अपर कलेक्टर के भरतपुर ब्लाक में बैठने से वनांचल क्षेत्र के लोगो को मनेन्द्रगढ़ की 110 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। उन्हीं के ब्लाक मुख्यालय में उनकी समस्या का निदान होगा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भरतपुर सोनहत विधायक ने कहा, कि कांग्रेस सरकार ने सिर्फ नाम का जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर बना दिया, लेकिन भरतपुर वासियों को अब तक इसका कोई लाभ नहीं मिला। मैं नाम का नहीं काम का जिला बनाने के लिए संकल्पित हूं।

# "यतियतन लाल सम्मान" 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित

एमसीबी छत्तीसगढ़/ राज्य शासन ने अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय "यतियतन लाल सम्मान" की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के एक व्यक्ति या एक संस्था के चयन हेतु सर्वसबंधितों से 03 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाएंगी। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2 लाख ( दो लाख रुपए ) है । जिसमें चयनित व्यक्ति या संस्था को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दिया जाएगा। उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति कर प्रस्तुत की जाए, जैसे- व्यक्ति या संस्था का पूर्ण परिचय, अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयासों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी, यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो, तो उसका विवरण, अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धातिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति, अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र, पत्रिकाओं, ग्रंथों के माध्यम से उपलब्ध साहित्य, चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति और यदि आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम या मंडल में सेवारत हो, तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में किया जाए। आवेदक जिस जिले का निवासी हो, उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। इस विभाग को प्राप्त सीधी प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# निर्वाचन कार्य हेतु मुद्रण कार्य के लिए निविदा

एमसीबी/ छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर में नगरपालिकाओं के आगामी आम निर्वाचनों के लिए, नगरपालिकाओं की वार्डवार तैयार की गई फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं रजिस्टार्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100 है) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी दिन, जारी दिनांक से स्थानीय निर्वाचन शाखा कलेक्ट्रट मनेन्द्रगढ़ से कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 30 सितंबर 2024 को अपरान्ह 1:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन 30 सितंबर 2024 अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए कागज सहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जायेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# "पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान" हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित

एमसीबी/ छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किए गए अभिनव प्रयासों को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय "पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान" की स्थापना की गई है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उन क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2024 के लिए इस पुरस्कार हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के किसी एक व्यक्ति या एक संस्था के चयन हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक है। उक्त पुरस्कार की राशि 2 लाख ( दो लाख रुपये) है, जो चयनित व्यक्ति या संस्था को नगद के रूप में दी जाएगी। इसके साथ ही चयनित व्यक्ति या संस्था को नगद के साथ सम्मान प्रतीक चिन्ह, युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दिए जाएंगे। इस पुरस्कार का चयन राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा किया जाएगा। जिसका निम्न शर्ते है, जैसे - व्यक्ति या संस्था का संपूर्ण परिचय, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में अभिनव प्रयासों के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी, यदि अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो, तो उसका विवरण, सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य और इसके सैद्धातिक पक्ष के बारे में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित फोटो प्रतियां, प्रख्यात पत्र, पत्रिकाओं या ग्रंथों के माध्यम से उपलब्ध साहित्य, चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के संबंध में व्यक्ति की लिखित सहमति, यदि आवेदक राज्य या केंद्र शासन के किसी विभाग, निगम या मंडल में सेवारत हो, तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में किया जाए। आवेदक को अपनी प्रविष्टि अपने जिले के कलेक्टर को निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत करनी होगी। सीधे इस विभाग को प्राप्त प्रविष्टि पर विचार नहीं किया जाएगा।

# मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना

एमसीबी//छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर में पंचायतों के आगामी आम निर्वाचनों के लिए विकासखण्डवार तैयार की गई फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं रजिस्टार्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/ है) मेरे कार्यालय से किसी भी दिन जारी दिनांक से स्थानीय निर्वाचन शाखा कलेक्ट्रट मनेन्द्रगढ़ से कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में 30 सितंबर 2024 को अपरान्ह 1:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन 30 सितंबर 2024 अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए कागज सहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जायेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# योग और पर्यावरण के क्षेत्र में सबसे कम उम्र के पीएचडी धारक के रूप में छत्तीसगढ़ के आदित्य राजे का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में बाल पर्यावरण मित्र और लिटिल योगा चैम्पियन आदित्य राजे सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने आदित्य को आज उनके जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने योग और पर्यावरण के क्षेत्र में सबसे कम उम्र के पीएचडी धारक के रूप में छत्तीसगढ़ के आदित्य राजे का नाम गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया और इस उपलब्धि की सराहना की।

आदित्य ने इस खास मौके पर मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री को आदित्य ने पर्यावरण, योग, खेल, समाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में किये जा रहे रचनात्मक कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आदित्य को इतनी कम उम्र में इन उपलब्धियों पर शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आदित्य के पिता श्री अखिलेश सिंह ने मुख्यमंत्री से चर्चा में बताया  कि नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ इण्डिया में पर्यावरण और योग के क्षेत्र में मैरीलैंड स्टेट युनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि आदित्य महज 5 वर्ष की उम्र से पर्यावरण, योग और जन-जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कारों से भी नवाजा गया है। आदित्य आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाणित योग स्वयं सेवक भी हैं। वे अपने कोडिंग कौशल के माध्यम से पर्यावरण संबंधित एप पर भी काम कर रहे हैं। मुलाक़ात के दौरान श्री संजय श्रीवास्तव, आदित्य के दादा श्री कमला पति सिंह, माँ श्रीमती नम्रता सिंह,बहन आस्था सिंह, गोल्डन बुक ऑफ़ वल्ड रिकॉर्ड की प्रतिनिधि श्रीमती सोनल शर्मा भी मौजूद रहीं।


25
सितंबर
देश के सभी फार्मासिस्टों को
विश्व फार्मासिस्ट
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
KOYTUR TIMES NEWS